राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

### गणतन्त्र दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

### विविधता में एकता की संस्कृति की रक्षा करने और प्रदेश की प्रगति के लिए साथ मिलकर कार्य करें– राज्यपाल

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 74वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों तथा शूरवीर सैनिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर विविधता में एकता की प्रतीक हमारी संस्कृति की रक्षा करने और प्रदेश की प्रगति के लिए साथ मिलकर कार्य करने का सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर देश हित में प्राणोत्सर्ग करने वाले सभी ज्ञात–अज्ञात शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए देश के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वाधीनता सेनानियों का पुण्य स्मरण भी किया।

————

### राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जयपुर में
### राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गुरूवार 26 जनवरी को 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में प्रातः 09.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। इससे पहले प्रातः 08.30 बजे राजभवन में राज्यपाल श्री मिश्र झण्डा फहरायेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

——

### राज्यपाल के संदेश का प्रसारण गणतन्त्र दिवस पर प्रातः 8.30 बजे

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र गणतंत्र दिवस पर गुरूवार 26 जनवरी को दूरदर्शन पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का प्रदेशवासियों के लिए संदेश का प्रसारण डी.डी. राजस्थान से गुरूवार 26 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे होगा। आकाशवाणी के राजस्थान स्थित सभी केन्द्रों से राज्यपाल श्री मिश्र के संदेश का प्रसारण प्रातः 9.10 बजे होगा।

——

### वसंत पंचमी पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 25 जनवरी । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने वसंत पंचमी (26 जनवरी) के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, कला सहित ज्ञान के विविध क्षेत्रों में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए मां सरस्वती से कामना की है।

———

### राज्यपाल से जस्टिस मदन लोकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधमंडल ने की मुलाकात
### कारागृह सुधार से जुड़े विषयों पर की चर्चा

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी. लोकुर के नेतृत्व में जेल अनुसंधान से जुड़े एक प्रतिनिधमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री अजीत सिंह, प्रिजन एड प्लस एक्शन रिसर्च संस्था की संस्थापक स्मिता चक्रवर्ती एवं संस्था की ट्रस्टी सुष्मिता घोष शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से बंदियों में व्यवहारगत बदलाव के लिए खुली जेल की उपयोगिता सहित कारागृह सुधारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को 65 वर्ष से अधिक पुरानी सांगानेर खुली जेल में बंदियों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। राज्यपाल श्री मिश्र ने उन्हें राजभवन में निर्मित संविधान उद्यान और इसकी विशेषताओं के बारे में बताया।

इसके उपरान्त, प्रतिनिधिमंडल ने संविधान उद्यान का भ्रमण कर यहां संविधान से जुड़े शिल्प और सांस्कृतिक पक्ष का अवलोकन किया।

——